## Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# मैदान से लेकर पहाड़ तक रोजाना मिल रहे संक्रमित

**संकट**

## उत्तराखंड में कोरोना 1700 के पार, दो संक्रमित मरीजों की मौत

■ 447 मामले देहरादून जिले में सामने आए

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना वायरस संक्रमण का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। शुक्रवार को दो बजे तक कोरोना के 37 नए मामले सामने आए हैं, जबकि नौ लोग पूरी तरह से स्वस्थ हुए हैं। इसके साथ ही सात मरीज राज्य से बाहर गए हैं। वहीं, एम्स में भर्ती दो कोरोना संक्रमित मरीजों की मौत हो गई है। इनमें 25 वर्षीय युवती पेनक्रियाज का उपचार कराने सोमवार को एम्स आई थी और उसकी कोरोना जांच पॉजिटिव आई। वहीं, 56 वर्षीय कोरोना संक्रमित मरीज 25 मई को अपने परिवार के साथ मुंबई से लौटे थे। उधर, देहरादून जिले के बालावाला स्थित क्वारंटाइन सेंटर में मध्यप्रदेश से लौटे एक युवक ने फांसी लगा ली। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

उत्तराखंड में मैदान से लेकर पहाड़ तक रोजाना कई लोग संक्रमित मिल रहे हैं। शुक्रवार को भी प्रदेश में 37 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए हैं, जिनमें 15 देहरादून, छह हरिद्वार, सात रुद्रप्रायग, पांच ऊधमसिंहनगर, तीन चमोली और एक टिहरी गढ़वाल से शामिल है। अब प्रदेशभर में कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 1700 के पार हो गया है, जिनमें से 895 लोग पूरी तरह से स्वस्थ हो चुके हैं, जबकि 771 केस एक्टिव हैं। वहीं, 19 कोरोना पॉजिटिव लोगों की मौत हो गई है। अबतक सबसे ज्यादा 447 मामले देहरादून जिले में सामने आए हैं, जिसके बाद नैनीताल में 334 केस हैं।

**कोरोना संक्रमित युवती और बुजुर्ग की मौतः** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश में एक और कोविड पॉजिटिव युवती की मौत हो गई। एम्स प्रशासन के मुताबिक गोविंदपुरम गाजियाबाद(उत्तरप्रदेश) से 25 वर्षीय युवती पेनक्रियाज का उपचार कराने सोमवार को एम्स आई थी। यहां मरीज का सैंपल लिया गया। गुरुवार को इसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई, जिसके बाद उसे कोविड वॉर्ड में शिफ्ट कर दिया गया, जहां उनकी मौत हो गई। इनके पति को सीमा डेंटल कॉलेज में क्वारंटाइन किया गया है। वहीं, 56 वर्षीय कोरोना संक्रमित मरीज की भी मौत हो गई। बीती पांच जून को इस व्यक्ति की तीमारदार बेटी की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई थी। एम्स प्रशासन के मुताबिक मुंबई में चालक का काम करने वाला ये शख्स मूल रूप से लखवाड़ घनसाली टिहरी गढ़वाल के निवासी है। 25 मई को वो अपनी पत्नी, बेटी और मां के साथ मुंबई से लौटे थे।

सचिवालय स्थित विश्वकर्मा बिल्डिंग में कोरोना संक्रमित के संपर्क के पाए जाने के बाद अनुभाग को सील कर दिया गया है। सचिवालय प्रशासन ने इस अनुभाग के सभी कार्मिकों का कोरोना टेस्ट कराने के निर्देश दिए हैं। टेस्ट की रिपोर्ट आने तक की अवधि में सभी कर्मचारियों को सेल्फ क्वारंटाइन रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### क्वारंटाइन सेंटर में युवक ने लगाई फांसी

देहरादून के बालावाला स्थित सरदार भगवान दास मेडिकल कॉलेज के बॉयज हॉस्टल में संस्थागत क्वारंटाइन सेंटर में एक 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। रायपुर थाने के एसओ अमरजीत सिंह रावत ने बताया कि युवक रात को मध्यप्रदेश के जबलपुर से लौटा था हरिद्वार के ज्वालापुर का रहने वाला था। शुक्रवार सुबह हॉस्टल से सूचना मिली की युवक ने फांसी लगा दी है। मामले की जांच की जा रही है। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला।

## न्यूज डायरी

### निःशुल्क आयुर्वेदिक दवाओं का वितरण 16 को

**संवाददाता** देहरादून। कोर कमेटी की बैठक में भैंरव सेना प्रमुख संदीप खत्री ने जारी एक बयान में कहा कि पर्यावरण संरक्षण जल संरक्षण व सनातन धर्मार्थ, आर्युवेद चिकित्सा क्षेत्र में कार्य कर रही पंवार फाउंडेशन 16 जून से पंवार फाउंडेशन के माध्यम से निशुल्क आयुर्वेदिक दवाओं का वितरण पूरे भारतवर्ष में होगा। जिसमें लगभग सभी बीमारियों की दवाइयां सम्मिलित होंगी। भैरव सेना के प्रदेश अध्यक्ष संदीप खत्री ने कहा है कि फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजसेवी नैनीताल विभाग संयोजक स्वदेशी जागरण मंच राजीव पंवार के साथ व उनके मार्ग दर्शन में आर्युवेदा चिकित्सा प्रणाली, पर्यावरण जल संरक्षण व पहाड़ से पलायन पर भैंरव सेना फाउंडेशन के साथ जुड़कर आम जनमानस के लिए सेवा कार्य व धर्मार्थ चिकित्सा से जुड़कर स्वस्थ देश व उत्तराखंड को संरक्षित पर्यावरण को बचाने मै सहयोग करेगा।

### उपमा ने लगाए धर्म स्थलों पर फुट ओपिरेटड सैनिटाइजर स्टैंड

**संवाददाता** देहरादून। पंजाबी महासभा महानगर देहरादून ने, गुरुद्वारों, मंदिरों, मस्जिदों व स्कूलों मे करीब 25 फुट ओपिरेटड सैनिटाइजर स्टैंड लगाए ताकि इंसान पर कोरोना संक्रमण का किसी भी किस्म का असर न पड़े। इस अवसर पर सरकार की गाइड लाइन के अनुसार धार्मिक स्थलों मे प्रवेश करने से पूर्व हाथो को सैनिटाइज करना, मॉस्क लगाना एवं डिस्टेंस मेनटेन करना अति आवश्यक है। उपमा के प्रदेश संरक्षक एवं गुरमत केंद्र के उपाध्यक्ष हरपाल सिंह सेठी तथा उपमा के महानगर अध्यक्ष पी. एस. कोचर ने एक संयुक्त बयान में कहा कि हमारा उदेश्य शहर के धार्मिक स्थलों एव स्कूलों में करीब 50 सैनिटाइजर स्टैंड वितरित करना है ताकि संक्रमण का असर न हो।

### जरूरतमंदो को राशन वितरण व करोना योद्धाओं को सम्मान पत्र किये गये वितरित

**संवाददाता** देहरादून। रायपुर विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी व समाज सेवक महेन्द्र प्रतापसिंह नेगी के द्वारा उनके क्षेत्र रायपुर रिंग रोड़ में जरूरतमंदो को राशन वितरण व करोना योद्धाओं को सम्मान पत्र वितरित किये गये। इस अवसर पर कार्यक्रम में मेयर सुनील गामा ने भी शिरकत की महेन्द्रसिंह नेगी के साथ साथ विनोद खण्डूरी जो कि ग्रामीण विकास युवा जनकल्याण समिति के सचिव हैं सबने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए जरूरतमंदो को राशन व करोना योद्धाओं को प्रशस्ति पत्र दिये। हालांकि कोविड 19 को ध्यान मे रखते हुए कार्यक्रम सादा रहा और सोशन डिस्टेंसिंग पर विशेष ध्यान दिया गया।

### होटल तो खुले पर ग्राहक नही,होटल संचालक मायूस

**संवाददाता** पुरोला। पुरोला बाजार सुबह 7 बजे से सांय 4 बजे तक खुल तो रहा परन्तु रेस्टोरेंट,होटलों व ढाबों में सन्नाटा ही पसरा दिख रहा है जिसके चलते सभी संचालक खासे मायूस दिख रहे हैं। कोरोना वैश्विक महामारी ने होटल,रेस्ट्रोरेंट,ढाबे संचालकों पर इतना सितम ढाया कि अन्य व्यवसाय जंहा धीरे–धीरे पटरी पर आ रहे हैं वंही होटलों,रेस्टोरेंट व ढाबों में लोग कम ही बैठना पसंद कर रहे हैं व्यापारिक संस्थान सांय 7 बजे तक खुल तो रहे हैं लेकिन 2 बजे के बाद बाजार में ग्राहक गिने चुने ही दिख रहे हैं। बाजार का यह सन्नाटा देख कई व्यापारी तो 2 बजे के बाद दुकानें बढ़ा घर को चल देते हैं। होटल,रेस्टोरेंट व्यवसायी खासे मायूसी में नजर आ रहे हैं।

होटल संचालक रामचन्द्रपंवार,विशन सिंह रावत,भगवती प्रसाद,राजपाल,सरत सिंह पंवार आदि ने बताया कि कोरोना माहमारी के चलते हुए लॉकडाउन से हम लोगों के व्यवसाय में ज्यादा प्रभाव पड़ा हैं जिसके चलते हम लोगों की रोजी–रोटी पर गहरा संकट मंडराने लगा है।




सुबह 7 से सांय 4 बजे तक बाजार खुलने पर भी 2 बजे के बाद बाजार में दिखता है सन्नाटा।

## युवाओं को रोजगार प्रदान करने को गरजे युवा कांग्रेस कार्यकर्ता

**संवाददाता**

देहरादून। युवाओं को रोजगार प्रदान करने एवं ठेकेदारी प्रथा बंद किये जाने की मांग को लेकर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन करते हुए धरना दिया और कहा कि शीघ्र ही इस दिशा में ठोस कार्यवाही न होने पर आंदोलन को तेज किया जायेगा।

युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में राजपुर रोड स्थित कांग्रेस भवन में इकटठा हुए और वहां पर प्रदेश के युवाओं को रोजगार प्रदान करने एवं ठेकेदारी प्रथा को बंद करने सहित अनेक मांगों के समाधान के प्रदर्शन कर धरना दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जबसे प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है तब से लेकर आज तक केवल युवाओं को छलने का काम किया गया है। वक्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार की युवा विरोधी एवं बेरोजगार विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष को तेज किया जायेगा।

**ठोस कार्यवाही न होने पर आंदोलन को तेज किया जायेगा तेज**

वक्ताओं ने कहा कि लगातार बेरोजगारों के साथ अन्याय किया जा रहा है और रोजगार का दावा करने वाली राज्य सरकार में आज कई युवा बेरोजगार सड़कों पर धूम रहे है लेकिन उन्हें किसी भी प्रकार का रोजगार मुहैया नहीं कराया जा रहा है। प्रदेश सरकार की जन विरोधी नीतियों से युवा वर्ग के साथ ही साथ आम जन मानस हताश एवं निराश है और उनके हितों के लिए किसी भी प्रकार की कोई कार्ययोजना तेयार नहीं की जा रही है जो चिंता का विषय है और नये पदों को सृजित करने पर व नई भर्ती पर सरकार ने रोक लगा दी है और यह रोजगार वर्ष में बेरोजगारों के साथ छलावा है।

वक्ताओं ने कहा कि प्रवासियों को भी रोजगार देने की बात सरकार ने की है लेकिन जब नई भर्ती पर रोक लगा दी गई तो प्रवासियों व अन्य युवाओं को कैसे राज्य सरकार रोजगार उपलब्ध करायेगी यह भी चिंता का विषय है।

### पंचायती राज मंत्री ने वीडियो कान्फ्रेसिंग से किया ग्राम प्रधानों से संवाद

**संवाददाता** डोईवाला। पंचायती राज मंत्री अरविंद पांडे ने डोईवाला विकासखंड के सभी ग्राम प्रधानों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद कर वैश्विक महामारी (कोविड–19) से निपटने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई के साथ सैनिटाइजर के छिड़काव व बाहर से आने वाले प्रवासियों के लिए रोजगार सृजन की दिशा में सुझाव भी मांगे गए। राजकीय इंटर कॉलेज इठारना में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उन्होंने कोरोना वायरस कोविड 19 से बचाव के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजन करने की दिशा में सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी के साथ जनप्रतिनिधियों से सुझाव भी मांगे। इस अवसर पर ग्राम विकास पंचायत अधिकारी पूजा भारद्वाज ने बताया कि पंचायती राज मंत्री ने कोविड–19 से निपटने व रोजगार के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी भी दी।